हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 24 मई 2025

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 भारत विकास परिषद भगत सिंह शाखा ने दो दिवसीय ..



12 शिवाजी कॉलोनी और तहसील कार्यालय ...



## शहर में आज

- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- रोडवेज कर्मचारी यूनियन की मीटिंग।

## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। आईएमटी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि खेडी साध निवासी सक्षम की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 18 नवंबर 2024 को सक्षम ने अपनी मोटरसाइकिल को मस्तनाथ यूनिवर्सिटी की पार्किंग में खडा किया था। वापिस आने पर सक्षम को अपनी बाइक नहीं मिली। अज्ञात युवक पीछे से मोटरसाइकिल चोरी कर मौके से फरार हो गया। जांच के दौरान 22 मई को आरोपी विकास निवासी बलियाली जिला भिवानी को गिरफ्तार किया गया है।

### चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने दुकान में हुई चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है।
पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी रविन्द्र ने बताया कि 22 मई को हनुमान कॉलोनी निवासी सोमबीर की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि सोमबीर ने अपने मकान में किरयाने की दुकान कर रखी है। 21 मई की रात को सोमबीर अपनी दुकान बंद कर सो गया। सुबह के समय सोमबीर को दुकान का सारा सामान बिखरा हुआ मिला। दुकान के गल्ले से करीब 10 हजार रुपये व अन्य सामान चोरी हुआ मिला। जांच के दौरान आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो में वारदात कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान की गई।

### मेरिट वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा

**सांपला।** गांव सुंडाना के न्यू एचडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य विनोद कुमार ने बतया कि बोर्ड की परीक्षा में मेरिट में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों के अलावा अन्य को भी सम्मानित किया जाएगा। स्कूल के 11 विद्यार्थियों ने बोर्ड की परीक्षा मे मैरिट में स्थान पाया था। उन छात्राओं को को स्मार्टफोन दिए जाएंगे ,ताकि वह ऑनलाइन भी पढ़ाई कर सके।

### चार ग्राम पंचायतों में पांच पंचों का चुनाव 15 को

**महम।** पंचायती राज संस्थाओं में उपचुनाव होने जा रहे हैं। खंड महम की चार ग्राम पंचायतों में पांच पंचों के चुनाव होने हैं। इनके लिए 15 जून को चुनाव कार्यक्रम तय किया गया है। सीनियर ग्राम सचिव सुधीर और कैलाश ने बताया कि महम खंड में चार पंचायतों पर आयोजित होने वाले पंच के उपचुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 24 मई से इस चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### दो युवकों को नशीले पदार्थ सहित किया काबू

**रोहतक।** सीआईए-2 की टीम ने गाड़ी सवार दो युवकों को नशीले पदार्थ सहित काबू किया है। युवक से 254 ग्राम 50 मिलीग्राम चरस बरामद हुई है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।
सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि गाड़ी सवार दो युवक नशीला पदार्थ सहित आउटर बाईपास से खरावड़ होते हुए रोहतक की तरफ आ रहे है। खेड़ी साध के पास नाकाबंदी करते हुए वाहनों की चैंकिग शुरु की।

---

टेस्टिंग की तैयारी, डाक्टरों की ड्यूटी तय की गई

# कोविड की आहट पर पीजीआई में अलर्ट, 10 बेड रिजर्व किए

- कुलपति डॉ. अग्रवाल और पीजीआई डायरेक्टर डॉ सिंघल व्यवस्था पर रखे हुए है नजर
- कोरोना टेस्ट के लिए आरटी पीसीआर किट भी उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

देश भर में कोविड के मरीज मिलने के बाद पीजीआईएमएस ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। पीजीआई के ब्लॉक सी वार्ड में 10 बेड रिजर्व किए गए हैं, जबकि दो बेड-डे केयर में रिजर्व किए गए हैं। यहां कोविड का कोई केस मिलता है तो उसके लिए पूरी व्यवस्था कर दी गई है। इसके साथ ही कोविड के लिए टेस्ट शुरू करने की तैयारी कर दी गई हैं। खुद हेल्थ विवि के कुलपति डॉ एचके अग्रवाल और पीजीआई डायरेक्टर डॉ एसके सिंघल पूरी व्यवस्था पर नजर रखे हुए हैं।

### डॉक्टर की ड्यूटी निर्धारित

हाल ही में हरियाणा के फरीदाबाद और गुरुग्राम में कोविड के नए केस मिले हैं जिसके बाद विशेष एहतियात बरते जा रहे हैं। कोविड को लेकर पीजीआईएमएस में बनाए गए वार्ड के अलावा जरूरत पड़ने पर अन्य बेड की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके साथ ही डॉक्टर की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। इसके अलावा स्टाफ को अलर्ट किया गया है। साथ ही कोरोना टेस्ट को लेकर सभी सुविधाएं उपलब्ध करवा दी गई हैं। इस टेस्ट के लिए आरटी पीसीआर किट भी उपलब्ध है। पीपीटी किट भी डॉक्टर को उपलब्ध करवाई गई है।

## कोरोना को लेकर तैयारियां जोरों पर



**रोहतक।** पीजीआई के ब्लॉक सी वार्ड में 10 बेड रिजर्व किए गए। फोटो : हरिभूमि

### ऑक्सीजन की व्यवस्था की गई

अधिकारियों ने बताया कि पीजीआईएमएस में 40 हजार लीटर ऑक्सीजन की व्यवस्था की गई है। पीजीआई में 20 हजार लीटर का एक व 10 हजार लीटर के दो ऑक्सीजन प्लांट लगाए गए हैं। ऑक्सीजन को लेकर किसी को भी परेशानी नहीं आने दी जाएगी। लोगों को बेवजह घबराने की जरूरत नहीं है।

### पीजीआई में अभी तक नहीं कोई मरीज

वहीं अधिकारियों का दावा है कि पीजीआईएमएस में अभी तक कोविड का कोई केस नहीं आया है। अगर किसी को हल्की खासी व जुकाम भी है तो वह भी ओपीडी में दवाई लेकर चला जाता है। कोरोना का टेस्ट करवाने के लिए अभी तक किसी भी मरीज की भर्ती नहीं हुई है। अगर कोई मरीज आता है तो पहले उसका टेस्ट किया जाएगा। फिर उसे उपचार दिया जाएगा।

### पीजीआई पूरी तरह से सक्रिय



कोविड को लेकर किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। पीजीआई पूरी तरह से सक्रिय है। अगर कोई मरीज कोरोना टेस्ट करवाने आता है तो उसका टेस्ट भी किया जाएगा और अगर टेस्ट पॉजिटिव मिलता है तो उसकी पूरी देखभाल करने की व्यवस्था भी की गई है। यहां ब्लॉक सी में वार्ड बनाया गया है। जहां दस बेड मुहैया करवाए गए हैं। जरूरत पड़ने पर और बेड भी मिलेंगे। **-डॉ. एसके सिंघल डायरेक्टर**, पीजीआईएमएस, रोहतक

### सरकार ने कोई आदेश जारी नहीं किए

हालांकि सरकार की तरफ से अभी तक कोविड को लेकर कोई आदेश जारी नहीं हुए हैं। पीजीआई ने अपने लेवल पर ही तैयारियां शुरू की है। इसके लिए अलग से ब्लॉक सी में व्यवस्था की गई है। मरीजों की संख्या ज्यादा होती है तो बाद में ट्रॉमा सेंटर में अन्य वार्डों में भी बेड निर्धारित कर दिए जाएंगे।

---



**रोहतक।** पीजीआईएमएस के मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में एमफिल साइकियाट्रिक सोशल वर्क (पीएसडब्ल्यू) के छात्र अपनी बात रखते हुए।

एमफिल पीएसडब्ल्यू छात्रों के साथ भेदभाव मामला

# क्लिनिकल ड्यूटी से सामूहिक बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पंडित बीडी शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में एमफिल साइकियाट्रिक सोशल वर्क (पीएसडब्ल्यू) के छात्रों ने प्रशासन द्वारा हो रहे लगातार भेदभाव और मानसिक उत्पीड़न के विरोध में क्लिनिकल ड्यूटी से सामूहिक रूप से बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। छात्रों का आरोप है कि जनवरी 2023 के बाद हॉस्टल फीस भरने को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक सूचना या रिमाइंडर जारी नहीं किया गया। लेकिन जब छात्रों ने स्वयं फीस भरने की बात कही, तो उन्हें 13,000 रुपये की मूल राशि के साथ 54,000 रुपये तक का अनुचित जुर्माना भरने को कहा गया।

छात्रों द्वारा डीन से अपनी समस्याएं साझा करने का प्रयास किया गया, लेकिन डीन ने बातचीत से इनकार कर दिया और कथित रूप से टिप्पणी की, तुम्हारे कोर्स को ही बंद कर देते हैं। एक अन्य घटना में, जब एक छात्र ने पीएचडी में आवेदन हेतु अपने ओरिजिनल डॉक्यूमेंट्स की मांग की, तो डीन ने यह कहते हुए उन्हें लौटाने से मना कर दिया कि वह न तो गाइडलाइन्स को मानते हैं और न ही उच्च न्यायालय के आदेशों को। छात्रों ने यूजीसी की स्पष्ट गाइडलाइन्स का हवाला दिया है, जिसके अनुसार किसी भी स्थिति में छात्रों के ओरिजिनल दस्तावेज रोके नहीं जा सकते। छात्रों का कहना है कि वे हॉस्टल फीस भरने को तैयार हैं।

---

# सुभाष रोड पर दो बाइक सवार बदमाशों की फायरिंग से हड़कंप, आरोपी मौके से फरार

सीआईए-1 व 2 सहित डीएसपी रवि खुंडिया मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सुभाष रोड पर एक दुकान के सामने दिनदहाड़े दो बाइक सवार बदमाश फायरिंग करके फरार हो गए। इसकी सूचना आर्य नगर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही सीआईए-1 व 2 सहित डीएसपी रवि खुंडिया मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। वहीं, एफएसएल एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस को दी शिकायत में दुकान मालिक रचित ने बताया कि दोपहर को 1 बजे के करीब बाइक सवार दो बदमाश उसकी दुकान पर आए थे, जिन्होंने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। आरोपियों ने एक फोटो दिखाकर उसके बारे में जानकारी मांगी तो उसने फोटो में दिखाए आदमी को पहचानने से इनकार कर दिया। इसके बाद आरोपी वापस चले गए। रचित ने बताया कि आरोपी करीब 5 बजे दोबारा आए और पिस्तौल मेरी तरफ तान दी। इसके बाद मैं दीवार के पीछे छिप गया और फिर से हवा में फायर किया। इसके बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दुकान के बाहर आरोपियों द्वारा चलाए गए दो जिंदा कारतूस व दो खोल बरामद किए गए। सीआईए टीम, थाना आर्य नगर पुलिस व डीएसपी रवि खुंडिया मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।



**रोहतक।** मौके पर जांच करते एफएसएल एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया व पुलिस की टीम।

### की जा रही जांच

सुभाष रोड पर एक दुकान के बाहर फायरिंग की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां चार राउंड फायरिंग हुआ पाया गया। मौके से जिंदा कारतूस व खाली खोल बरामद किए गए हैं। पुलिस की कई टीम व डीएसपी रवि खुंडिया भी मौके पर पहुंचे हैं।
-सुलेंद्र नागर, थाना प्रभारी आर्य नगर

---

दो दिवसीय ओरियंटेशन वर्कशॉप में बोले कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल

# अच्छा व्यवहार ही हमें बनाता है अच्छा चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

यदि हमारा मरीजों, परिजनों व अपने सहयोगियों के साथ अच्छा व्यवहार है तो ही हम एक अच्छे चिकित्सक बन सकते हैं। हमें सभी के साथ बडे ही विनम्र स्वभाव के साथ पेश आना चाहिए और जब मरीज अस्पताल में आता है और चिकित्सक यदि उसकी बातों को ध्यान से सुनता है तो मरीज का आत्मविश्वास काफी बढ जाता है कि वह सही हाथों में है और वह जल्द ठीक हो जाएगा। यह कहना है पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल का। वें शुक्रवार को लैक्चर थियेटर वन में मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च यूनिट द्वारा पीजी रेजिडेंट्स के लिए आयोजित दो दिवसीय ओरियंटेशन वर्कशॉप में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए थे। इस अवसर पर प्रथम वर्षीय पीजी रेजिडेंट्स को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि हमें पता होना चाहिए कि कैसे अस्पताल में इंफेक्शन को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें स्ट्रेस मैनेजमेंट अवश्य सीखना चाहिए क्योंकि आजकल चिकित्सक भी तनाव में रहते हैं और जब हम छात्र थे तो हमें पता ही नहीं था कि तनाव क्या होता है। हमें किसी भी कार्य को करने में हिचक नहीं करनी चाहिए। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि एक चिकित्सक दूर से ही चिकित्सक नजर आना चाहिए, इसके लिए जरूरी है कि कैजुअल ड्रेस में ना रहे हैं और हमेशा ड्यूटी पर अप्रेन और स्टैथोस्कोप रखें। उन्होंने कहा कि अपने सीनियर का हमेशा सम्मान करते हुए उनके साथ मिलकर कार्य करना चाहिए।



**रोहतक।** कार्यक्रम डॉ. संजय को सम्मानित करते कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ.एसके सिंघल,डॉ. ध्रुव चौधरी, डॉ. कुलदीप लालर, डॉ. कुंदन मित्तल व डॉ. एमजी वशिष्ठ ।

### कार्यक्रम प्रथम वर्ष पीजी के छात्रों के लिए महत्वपूर्ण

निदेशक डॉ.एस.के. सिंघल ने बताया कि एक रेजिडेंट की एकेडमिक जिम्मेदारी क्या होती है। उन्होंने कहा कि इस वर्कशाप के आयोजन के लिए डॉ. संजय व उनकी टीम बधाई के पात्र हैं। डॉ. सिंघल ने कहा कि यह दो दिवसीय ओरियंटेशन कार्यक्रम प्रथम वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें उन्हें संस्थान के बारे में और उनके कोर्स के दौरान काम आने वाली चीजों के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी।

---

बैठक

एमपी ने खरी-खोटी सुनाई तो उपायुक्त ने मांगी माफी

# जिला विकास समन्वय की बैठक में सांसद दीपेंद्र हुड्डा हुए नाराज, डीसी से बोले-आपको प्रोटोकॉल का ज्ञान नहीं

सांसद ने उपायुक्त को मीटिंग से चले जाने का दिया फरमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में शुक्रवार को हंगामा हो गया। बैठक लेने पहुंचे रोहतक लोकसभा के सांसद दीपेंद्र हुड्डा डीसी धर्मेंद्र सिंह से नाराज हो गए। सांसद ने उपायुक्त को मीटिंग हॉल में अधिकारियों के सामने ही खरी-खोटी सुनाई। मामला यहां तक नहीं रहा। सांसद ने डीसी को दो टूक कहा कि आप मीटिंग से चले जाएं। मैं बैठक अपने आप ही कर लूंगा। क्योंकि मैं सांसद होने के नाते मीटिंग को चेयर कर रहा हूं। ऐसे में आपकी बैठक में जरूरत ही नहीं है। अंत में मामला तब जाकर शांत हुए, जब डीसी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए सांसद दीपेंद्र हुड्डा से माफी मांगी।

### गेट पर खड़े नहीं मिले डीसी

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक जिला विकास भवन के मीटिंग हॉल में दोपहर को ठीक एक बजे जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक होनी थी। मीटिंग की अध्यक्षता सांसद दीपेंद्र सिंह और सह अध्यक्षता राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने करनी थी। बताया जा रहा है कि एक बजे के करीब ही सांसद दीपेंद्र हुड्डा जिला विकास भवन पहुंचे। लेकिन यहां पहुंचकर एमपी को हैरत ये हुई कि रोहतक के डीसी उन्हें रिसिव करने के लिए विकास भवन के गेट पर नहीं मिले।



**रोहतक।** अधिकारियों को पानी की समस्याएं के लिए एक अखबार दिखाते सांसद दीपेंद्र साथ राज्यसभा सांसद जांगड़ा, विधायक बत्तरा, कलानौर की विधायक शकुंतला खटक, महम के विधायक बलराम दांगी एवं उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह।

### सॉरी फील करने बाद मीटिंग

सांसद जिला विकास भवन के मीटिंग हॉल पहुंचे। यहां ही दिशा की मीटिंग होनी थी। बैठक में सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही कई योजनाओं-कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की जानी थी। लेकिन इससे पहले सांसद हुड्डा ने डीसी धर्मेंद्र सिंह की ही विवेचना कर डाली। सांसद ने डीसी धर्मेंद्र सिंह से पूछा कि मीटिंग की अध्यक्षता मुझे करनी है और आप मेरे से पहले ही कुर्सियों पर बैठे हुए हैं। सांसद इतने में भी शांत नहीं हुए और डीसी को कहा कि आपको सांसद का प्रोटोकॉल क्या होता है, ये भी मालूम नहीं। मुझे रिसिव करने के लिए आप गेट पर क्यों नहीं खड़े थे। इसलिए आप मीटिंग से चले जाएं। एमपी से ठीक-ठाक सुनने के बाद डीसी ने उनसे माफी मांगी और फिर दिशा की मीटिंग प्रारंभ हुई।

### ये होता है प्रोटोकॉल

चूंकि देश में वीवीआईपी कल्चर है। इसलिए चुने हुए प्रतिनिधियों और नौकरशाहों के बीच प्रोटोकॉल हैं। इसमें ये तय होता है कि एक दूसरे का कैसे सम्मान किया जाएगा। जब मीटिंग की अध्यक्षता करने वाला वहां बैठक में पहुंचेगा तो वहां अगर पहले से लोग बैठे हैं तो उन्हें अपने स्थान पर खड़े होकर उसका सम्मान करना होगा,ये प्रोटोकॉल है। मीटिंग को कौन चेयर करेगा, इसके लिए बकायदा प्रोटोकॉल है। जैसे की आज शुक्रवार 23 मई को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की मीटिंग की अध्यक्षता लोकसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने करनी थी और सह अध्यक्ष राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा को बनाया गया था।

### 4 दिन पहले भी हुई थी प्रोटो कॉल पर रार

हर महीने होने वाली जिला परिवेदना समिति की बैठक में भी स्थानीय सांसद और विधायकों को भी प्रोटोकॉल के मुताबिक आमंत्रित सदस्य के रूप में बुलाया जाता है। ये प्रोटोकॉल ही था कि गत 19 मई को परिवेदना समिति की मीटिंग में विधायक बीबी बतरा और शुकंतला खटक उन कुर्सियों पर नहीं बैठे, जहां उन्हें बैठाया जा रहा था। ये दोनों एमएलए उन चेयर पर बैठे, जो इनका प्रोटोकॉल था। जिला परिषद की मीटिंग में भी सांसद और एमएलए प्रोटोकॉल के मुताबिक आमंत्रित किए जाते हैं, वे नहीं शामिल होते, ये अलग मसला है।

### सरकारी योजनाओं का जाना अपडेट

शुक्रवार को लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता तथा राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा की सह-अध्यक्षता में जिला विकास समन्वयक एवं निगरानी समिति की बैठक की आयोजित की गई। इसमें एजेंडे में शामिल बिन्दु अनुसार समीक्षा की गई। जिला के विधायकों व मेयर ने भी अपने क्षेत्र के मुद्दों से अवगत करवाया। लोकसभा सांसद ने कहा कि सरकार की योजनाओं का सभी पात्र गरीब लोगों को लाभ दिया जाए। लोकसभा सांसद ने कहा कि जिला के सभी टोल बैरियर पर टोल से मुक्त गांव, क्षेत्र की सूची प्रदर्शित की जाए। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण, अमृत सरोवर परियोजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, एमपी लेड, स्वामित्व योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज कार्यक्रम, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम, अमरूत योजना 2.0, काडा, सुगम्य भारत अभियान, स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि विभाग की सेवाओं, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जल जीवन मिशन, मिडे-डे-मिल, पीएम कौशल विकास योजना, एमएसएमई, डिजिटल इंडिया, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, पीएम उज्ज्वला योजना, ई-श्रम पोर्टल, पीएम ग्राम सडक योजना, बिजली आपूर्ति सुदृढ़ीकरण के अलावा पेयजल आपूर्ति, जलभराव से बचाव के प्रबंधों, ड्रेन व नालों की सफाई आदि की समीक्षा की।



पानी की समस्या रखता फरियादी।

### सांसद ने अधिकारी के साथ गलत व्यवहार किया: ग्रोवर

वहीं पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने सांसद दीपेंद्र हुड्डा के व्यव्हार पर एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने आईएएस अधिकारी के साथ गलत व्यवहार किया है। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए।




# लड़कियां आईटीआई में कर सकती हैं कुछ स्पेशल कोर्स



नालेज

यंगभूमि डेस्क

लड़का हो चाहे लड़की, पढ़ाई में अब भेदभाव नहीं रहा है। आज के समय में हर कोई व्यक्ति अपने बच्चों को साक्ष्य बनाना चाहता है यानी कि बच्चों को अच्छा पढ़ाना चाहता है। लड़कियों के लिए विशेष तौर पर कई प्रकार के अलग-अलग डिग्री व डिप्लोमा मौजूद होते हैं। लड़का और लड़की समान रूप से शिक्षा हासिल कर रहे हैं। लड़कियां कुछ ऐसे कोर्स कंप्लीट करके अपने करियर को आगे बढ़ा सकती हैं। करियर बनाने के लिए आईटीआई कोर्स लड़कों और लड़कियों के लिए उचित अवसर माना जाता है आईटीआई कोर्स में लड़कियों के लिए कुछ स्पेशल कोर्स जैसे हेयर डिजाइनिंग कोर्स इत्यादि मौजूद होते हैं।

## लड़कों से कम नहीं लड़कियां

आज के समय में ऐसा माना जाता है कि लड़कियां लड़कों से कम नहीं है ऐसे में लड़कियों के लिए भी अलग से आईटीआई कोर्स उपलब्ध करवाए गए हालांकि इन कोर्सों को लड़के भी कर सकते हैं। लेकिन विशेष तौर से इन कोर्स को लड़कियों के लिए उपलब्ध करवाया गया है। जिसमें से लड़कियां किसी भी एक और को चुनकर अपने करियर को सकते हैं और अपने फ्यूचर में खुद को काबिल बना सकते हैं।

### हेयर एंड स्किन केयर का कोर्स

हेयर एंड स्किन केयर का आईटीआई कोर्स जो विशेष तौर से लड़कियों के लिए उपलब्ध करवाया गया है इस कोर्स के नाम से ही पता चलता है कि इस कोर्स में लड़कियों की रुचि सबसे ज्यादा होती है। आईटीआई के इस कोर्स के माध्यम से सुंदरता और देखभाल संबंधित महत्वपूर्ण चीजें सिखाई जाती है। मुख्य तौर पर लड़कियां इस प्रकार के कोर्स को करने में अपनी अधिक रुचि दिखाती है और लड़कियों के लिए ही विशेष तौर से यह कोष उपलब्ध करवाया गया है। इस कोर्स को करने के पश्चात लड़कियां ब्यूटी पार्लर में नौकरी कर सकती है और खुद का ब्यूटी पार्लर भी खोल सकते हैं और अपने करियर को एक जगह पर स्टेबल करने में उन्हें मदद मिलती है।

## कढ़ाई एवं सिलाई

लड़कियों के लिए दूसरा सबसे बेहतरीन आईटीआई कोर्स कटाई व सिलाई आईटीआई कोर्स है। इस कोर्स के अंतर्गत सिलाई के विशेष प्रकार के कार्य लड़कियों को सिखाए जाते हैं और साथ ही साथ कढ़ाई के काम भी सिखाए जाते हैं। आज के समय में कटाई और सिलाई की लोकप्रियता तथा डिमांड दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में यह आईटीआई कोर्स करके आप किसी भी बड़ी सिलाई या कढ़ाई की फैक्ट्री में मशीन ऑपरेटिंग का काम कर सकते हैं या फिर अपना खुद का सिलाई व कढ़ाई का काम शुरू कर सकते हैं।

### स्टाइल और फैशन के कोर्स

आईटीआई के बहुत सारे कोर्स है। जिसमें स्टाइल और फैशन के कोर्स भी मौजूद है। आईटीआई के फैशन डिजाइनिंग का कोर्स विशेष तौर से लड़कियों के लिए उपलब्ध होता है। इसको उसको करने के पश्चात लड़कियां फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में अपने भविष्य को आगे बढ़ा सकती है। फैशन डिजाइनिंग का आईटीआई कोर्स करने के पश्चात लड़कियां खुद का ब्यूटी पार्लर खोलने के साथ-साथ कई तरह से फैशन डिजाइनर के तौर पर भी नौकरी हासिल कर सकती है। फैशन डिजाइनिंग आईटीआई कोर्स करने के पश्चात हर लड़की का भविष्य सिक्योर माना जाता है। क्योंकि आज के समय में फैशन डिजाइनर की डिमांड बहुत ही अधिक है।

## ये कोर्स करियर बनाने में सहायक

### स्टेनोग्राफर

आईटीआई में सबसे लोकप्रिय कोर्स स्टेनोग्राफर का कोर्स माना जाता है। इस स्टेनोग्राफर आईटीआई कोर्स करने के पश्चात सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी उपलब्ध होने के चांस बहुत अधिक बढ़ जाते हैं। स्टेनोग्राफर का कोर्स करने के पश्चात किसी भी पद पर नौकरी हासिल करने के चांस बढ़ जाते हैं। सरकारी विभाग में कई स्टेनोग्राफर के पद पर भर्ती निकाली जाती है। ऐसे में आप यदि आईटीआई कोर्स कर चुके हैं। तो आपको प्रायोरिटी के साथ स्टेनोग्राफर पद पर शामिल होने का मौका मिलेगा स्टेनोग्राफर आईटीआई कोर्स है। जिसे लड़के व लड़कियां दोनों करते हैं। लेकिन लड़कियों के लिए यह एक बेहतरीन सुनहरा अवसर माना जाता है। स्टेनोग्राफर का कोर्स करने के पश्चात आप अपने टाइपिंग स्पीड को बढ़ा सकते हैं और कंप्यूटर टाइपिंग स्पीड अच्छी होने पर हर जगह आप की डिमांड बढ़ जाएगी आज के समय में पूरी दुनिया कंप्यूटर पर ही आधारित है और हिंदी व अंग्रेजी टाइपिंग स्पीड अच्छी है। तो आपको सरकारी जॉब के साथ-साथ निजी क्षेत्रों में भी जॉब के अच्छे अवसर मिलने शुरू हो जाएंगे।

### इंटीरियर डेकोरेशन और डिजाइनिंग

आईटीआई का एक कोर्स जिसे मुख्य तौर पर लड़कियां अधिकतर चयन करती है। इस कोर्स के माध्यम से इंटीरियर डेकोरेशन और डिजाइनिंग के बारे में विशेष ज्ञान अर्जित करने का मौका मिलता है। लड़कियां इंटीरियर डिजाइन और इंटीरियर डेकोरेशन का काम कर अपने भविष्य के लिए रोजगार के कई सारे अवसर उपलब्ध खुद ही करवा सकते हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां पर दिन प्रतिदिन डिमांड बढ़ती जा रही है और हर जगह बिजनेस हो या घर आंतरिक सजावट और डिजाइनिंग के लिए इंटीरियर डिजाइनर को बुलाया जाता है। ऐसे में यदि आपके पास इंटीरियर डेकोरेशन की कला है और आपने आईटीआई कोर्स कर रखा है। तो आपके लिए जॉब के बेहतरीन अवसर आपके सामने उपलब्ध होंगे।

### हाउसकीपिंग

घर की देखभाल करने के लिए लड़कियां ऐसे भी माहिर होती है। लेकिन यदि हाउसकीपिंग जैसे आईटीआई कोर्स से लड़कियां ज्ञान अर्जित कर लेती है। तो उसके पश्चात घर की देखभाल में उन्हें और भी अधिक सहूलियत हो जाती है। सीधी भाषा में इसका मतलब यह हुआ कि घर की देखभाल करने के लिए जो आईटीआई कोर्स मौजूद है उसे हाउसकीपिंग आईटीआई कोर्स कहा जाता है। आईटीआई कोर्स के माध्यम से लड़कियां भविष्य में प्राइवेट सेक्टर में तो नौकरी हासिल कर सकती है। हाउसकीपिंग आईटीआई कोर्स करने के पश्चात आपको कहीं भी हाउस कीपर के तौर पर नौकरी मिल जाती है और इसकी सैलरी भी अच्छी मिलती है।

---

नवयुवकों के लिए एक बेहतरीन करियर विकल्प बनकर उभरा

# तकनीक के क्षेत्र में रुचि है तो बनें एथिकल हैकर इंटरनेट को सुरक्षित बनाने में निभाएं अहम भूमिका

डॉ. मोहित बंसल

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## डिजिटल सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता

यदि आप तकनीक के क्षेत्र में रुचि रखते हैं और इंटरनेट की दुनिया को सुरक्षित बनाने की चाह रखते हैं, तो एथिकल हैकर बनना एक उत्कृष्ट करियर विकल्प हो सकता है। एथिकल हैकिंग वह विधा है, जिसमें आप कम्प्यूटर प्रणाली की कमजोरियों को खोजकर उन्हें सुरक्षित करने का कार्य करते हैं। यह पेशा आधुनिक युग में बेहद आवश्यक होता जा रहा है, क्योंकि डिजिटल सुरक्षा अब किसी भी देश, संस्था या व्यक्ति के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता बन गई है। एथिकल हैकर को 'वाइट हैट हैकर' भी कहा जाता है, जो संगठनों की अनुमति से उनकी वेबसाइट, नेटवर्क और सॉफ़्टवेयर में संभावित खामियों को खोजता है। उनका उद्देश्य इन खामियों का दुरुपयोग नहीं, बल्कि उन्हें ठीक कराना होता है, ताकि कोई दुर्भावनापूर्ण हैकर (ब्लैक हैकर) इनका फ़ायदा न उठा सके। वे परीक्षण के माध्यम से साइबर प्रणाली को सुदृढ़ बनाते हैं और डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।






### प्रमुख शैक्षणिक संस्थान और पाठ्यक्रम

#### सरकारी संस्थान

1. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर
   पाठ्यक्रम: साइबर सुरक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
2. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), तिरुचिरापल्ली
   पाठ्यक्रम: सूचना सुरक्षा में बी.टेक/एम.टेक
3. भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी), हैदराबाद
   पाठ्यक्रम: साइबर सिस्टम और नेटवर्किंग
4. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू)
   पाठ्यक्रम: सूचना सुरक्षा में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

#### निजी संस्थान

1. वेबसेक लैब्स, बेंगलुरु
   पाठ्यक्रम: एथिकल हैकिंग और पेनिट्रेशन टेस्टिंग
2. अपग्रेड (ऑनलाइन प्लेटफॉर्म)
   पाठ्यक्रम: साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ कार्यक्रम
3. एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
   पाठ्यक्रम: बी.टेक इन साइबर लॉ एंड सिक्योरिटी
4. एरेना मल्टीमीडिया
   पाठ्यक्रम: नेटवर्क सुरक्षा और नैतिक हैकिंग में डिप्लोमा

| वेतन प्रारंभिक स्तर | वरिष्ठ स्तर |
|---|---|
| 25,000 – 60,000 प्रति माह<br>वार्षिक: 3,00,000 – 7,20,000<br>मध्यम अनुभव (3–5 वर्ष):<br>80,000 – 1,50,000 प्रति माह<br>वार्षिक: 9,60,000 – 18,00,000 | 20 लाख – 40 लाख प्रति वर्ष<br>1,66,667 – 3,33,333 प्रति माह (लगभग) |

#### आवश्यक कौशल

- एक एथिकल हैकर को केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि तेज विश्लेषणात्मक सोच भी होनी चाहिए।
- उन्हें नेटवर्क सुरक्षा, एनक्रिप्शन, वायरस डिटेक्शन जैसे पहलुओं की गहरी समझ होनी चाहिए। संवाद
- कौशल और नैतिक जिम्मेदारी इस क्षेत्र में विशेष महत्त्व रखते हैं। उन्हें यह भी जानना होता है कि एक
- हमलावर कैसे सोच सकता है। तभी वे सिस्टम को उस स्तर पर सुरक्षित कर पाते हैं। लगातार अपडेट
- रहना और नई तकनीकों को सीखना इस पेशे में जरूरी है।

नेटवर्क सुरक्षा और फ़ायरवॉल की समझ
पेनिट्रेशन टेस्टिंग तकनीकें
मैलवेयर विश्लेषण और वायरस डिटेक्शन
प्रणाली और डेटा एनक्रिप्शन
रिपोर्ट लेखन और जोखिम मूल्यांकन

**स्वतंत्र सलाहकार**

प्रति प्रोजेक्ट: 50,000 – 5,00,000
-यदि 12 प्रोजेक्ट साल में करें तो 6,00,000 – 60,00,000 वार्षिक (अनुमानित)

### प्रमुख कार्य क्षेत्र

- **बैंकिंग और वित्तीय संस्थाएं :** ग्राहकों की जानकारी की सुरक्षा
- **सरकारी एजेंसियां :** राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी सूचना संरचना की रक्षा
- **आईटी कंपनियां :** सॉफ़्टवेयर और ऐप की सुरक्षा जांच
- **ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म :** ऑनलाइन भुगतान प्रणाली की निगरानी
- **स्वास्थ्य सेवाएं :** रोगियों के डिजिटल रिकॉर्ड की रक्षा
- **शैक्षणिक संस्थान :** छात्र डेटा और पोर्टल सुरक्षा

### शिक्षा और योग्यता

एथिकल हैकिंग में करियर बनाने के लिए तकनीकी पृष्ठभूमि बहुत ज़रूरी होती है। इसमें कंप्यूटर नेटवर्क, ऑपरेटिंग सिस्टम और प्रोग्रामिंग की समझ होना आवश्यक है। इसके अलावा, साइबर सुरक्षा से जुड़े विषयों की पढ़ाई भी आवश्यक है। छात्र बी.टेक, एम.टेक या डिप्लोमा जैसे पाठ्यक्रमों के माध्यम से इस क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं। साथ ही, कुछ ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं। बहु-विषयक समझ और व्यावहारिक अनुभव इस क्षेत्र में सफलता की कुंजी हैं।

- **कंप्यूटर नेटवर्क और ऑपरेटिंग सिस्टम**
- **साइबर सुरक्षा और नैतिक हैकिंग**
- **क्रिप्टोग्राफी और सूचना सुरक्षा**
- **प्रोग्रामिंग भाषाएँ (जैसे: पायथन, सी, जावा)**
- **डेटा संरचना और एल्गोरिदम**

### रोज़गार के अवसर

एथिकल हैकर के लिए नौकरी के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों से लेकर निजी कंपनियाँ इनकी सेवाएं लेती हैं। रक्षा, बैंकिंग, आईटी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों में इनकी मांग बढ़ रही है। आज की दुनिया में डेटा सबसे बड़ा संसाधन बन चुका है। इसकी सुरक्षा एथिकल हैकर की प्राथमिक ज़िम्मेदारी होती है। वे स्वतंत्र सलाहकार, स्टार्टअप संस्थापक या फुल टाइम प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ)
- भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी (सीईआरटी-इन)
- बैंकों और बीमा कंपनियाँ
- आईटी कंपनियाँ – टीसीएस, इंफोसिस, विप्रो
- विदेशी फर्म – गूगल इंडिया, अमेज़न, माइक्रोसॉफ्ट
- स्टार्टअप और फ्रीलांसिंग प्रोजेक्ट्स

### वेतन और संभावनाएं


एथिकल हैकर के लिए नौकरी के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों से लेकर निजी कंपनियाँ इनकी सेवाएं लेती हैं। रक्षा, बैंकिंग, आईटी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों में इनकी मांग बढ़ रही है। आज की दुनिया में डेटा सबसे बड़ा संसाधन बन चुका है। इसकी सुरक्षा एथिकल हैकर की प्राथमिक ज़िम्मेदारी होती है। वे स्वतंत्र सलाहकार, स्टार्टअप संस्थापक या फुल टाइम प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

### करियर सलाहकार से लें सलाह

एथिकल हैकिंग एक ऐसा क्षेत्र है जो न केवल तकनीकी विशेषज्ञता, बल्कि ईमानदारी और ज़िम्मेदारी की भी मांग करता है। यदि आप डिजिटल दुनिया को सुरक्षित बनाने की दिशा में योगदान देना चाहते हैं, तो यह करियर न केवल चुनौतीपूर्ण बल्कि बेहद सम्मानजनक भी हो सकता है। किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप www.careerjaano.comपर भी विज़िट कर सकते हैं।

---

# धैर्य और संयम अनमोल गुण, ये शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में करते मदद



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

युद्ध के मैदान में सैनिकों को अक्सर ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जहां धैर्य और संयम ही उनकी सबसे बड़ी ताकत बनते हैं। लंबी प्रतीक्षा, संसाधनों की कमी, अनिश्चितता, और कठिन मौसम जैसी चुनौतियां सैनिकों से धैर्यपूर्ण और संयमित रहने की मांग करती हैं। इसी तरह, छात्रों के जीवन में भी धैर्य और संयम अनमोल गुण हैं, जो उन्हें शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में मदद करते हैं। पढ़ाई के दौरान जटिल विषयों को समझने, लंबे समय तक लगातार मेहनत करने, या परीक्षा में अच्छे अंक न आने पर हार न मानने के लिए धैर्य की आवश्यकता होती है। युद्ध की ऐतिहासिक कहानियां, जैसे प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध, हमें सिखाती हैं कि जल्दबाजी में लिए गए फैसले अक्सर विनाशकारी साबित होते हैं, जबकि संयम के साथ सही समय पर उठाए गए कदम जीत की ओर ले जाते हैं।

## धैर्यपूर्वक अवसर का इंतजार करना रणनीति का मूल

उदाहरण के लिए, सन त्ज़ु की पुस्तक 'द आर्ट ऑफ वॉर' में बताया गया है कि धैर्यपूर्वक सही अवसर का इंतजार करना रणनीति का मूल आधार है। छात्रों को भी इस सिद्धांत को अपनाना चाहिए। जब वे किसी कठिन अध्याय को समझने में समय लेते हैं या असफलता के बाद दोबारा प्रयास करते हैं, तो धैर्य उन्हें निराशा से बचाता है और आत्मविश्वास प्रदान करता है। इसके अलावा, संयमित व्यवहार उन्हें तनावपूर्ण परिस्थितियों में शांत रहने और सोच-समझकर निर्णय लेने की क्षमता देता है। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई छात्र परीक्षा की तैयारी में पिछड़ रहा है, तो संयम के साथ समय प्रबंधन और लगातार छोटे-छोटे प्रयास उसे सफलता की ओर ले जा सकते हैं। युद्ध के सबक हमें यह भी सिखाते हैं कि धैर्य और संयम न केवल व्यक्तिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करते हैं, बल्कि दूसरों के साथ बेहतर संबंध बनाने में भी सहायक हैं। स्कूल में सहपाठियों के साथ छोटे-मोटे विवादों को सुलझाने या शिक्षकों की सलाह को ध्यान से सुनने में संयम का उपयोग करना छात्रों को एक जिम्मेदार और परिपक्व व्यक्तित्व प्रदान करता है। इस प्रकार, धैर्य और संयम को अपनाकर छात्र न केवल अपनी शैक्षिक यात्रा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि जीवन की हर चुनौती को आत्मविश्वास और शांति के साथ पार कर सकते हैं। युद्ध से मिला यह सबक हमें याद दिलाता है कि कठिनाइयों में धैर्य बनाए रखना और संयमित दृष्टिकोण अपनाना ही सच्ची जीत का मार्ग है।

## योजना बनाना जरूरी

**रणनीति और नियोजन की कला :** युद्ध में सफलता के लिए सटीक रणनीति और नियोजन जरूरी है। प्राचीन ग्रंथ 'द आर्ट ऑफ वॉर' में सन त्ज़ु ने बताया कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पहले उसकी योजना बनानी चाहिए।

**धैर्य और संयम :** युद्ध में सैनिकों को कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना पड़ता है। यह गुण छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण है। परीक्षा की तैयारी, असफलता या मुश्किल समय में धैर्य और संयम से काम लेना उन्हें मजबूत बनाता है।

**साहस और दृढ़ता :** युद्ध में सैनिक असंभव लगने वाली परिस्थितियों में भी हार नहीं मानते। छात्रों को भी अपने जीवन में साहस दिखाना चाहिए। चाहे वह नई चीजें सीखना हो, असफलता से उबरना हो या चुनौतियों का सामना करना हो, दृढ़ता और साहस उन्हें आगे बढ़ने में मदद करते हैं।

**टीमवर्क और नेतृत्व :** युद्ध में कोई भी सेना अकेले नहीं लड़ती; यह सामूहिक प्रयास का परिणाम होता है। छात्रों को भी समूह में काम करने का महत्व समझना चाहिए। स्कूल प्रोजेक्ट्स, खेल या अन्य गतिविधियों में एकजुट होकर काम करने से न केवल सफलता मिलती है, बल्कि नेतृत्व के गुण भी विकसित होते हैं। युद्ध के उदाहरणों से सीखें कि एक अच्छा नेता कैसे अपनी टीम को प्रेरित करता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** गोबर पर उगने वाले कवक कहलाते हैं
(ए) साक्सीकोलस
(बी) टेरीकोल्स
(सी) कोर्टीकोल्स
(डी) कोप्रोफिलस

**2.** निम्न में से किसमें क्लोरोफिल नहीं होता है ?
(ए) शैवाल
(बी) ब्रायोफाईटस
(सी) टैरोडोफाईटस
(डी) कवक

**3.** आलू का लेट ब्लाईट उत्पन्न होता है -
(ए) एल्बयूगो कैंडीडा द्वारा
(बी) फ्यूजेरियम मोनिलीफार्म द्वारा
(सी) फाइटोप्थोरा इन्फेस्टेंस द्वारा
(डी) आल्टनेरिया सोलेनाई द्वारा

**4.** डबल रोटी के निर्माण में काम आने वाला कवक है -
(ए) राईजोफस स्टोलनिफर
(बी) जाइगो सैकरोमाइसीज
(सी) सैकरोमाईसीज सेरेवीसी
(डी) सैकरोमाईकोडिस

**5.** पेनीसीलीयम क्या है ?
(ए) विषाणु
(बी) शैवाल
(सी) कवक
(डी) जीवाणु

**6.** पेनिसिलिन की खोज किसने की थी ?
(ए) चार्ल्स गुडईयर
(बी) माइकल फैराडे
(सी) एलेक्जेंडर फ्लेमिंग
(डी) विलियम हार्वे

**7.** अर्गोट (**Ergot**) प्राप्त होता है।
(ए) राईजोबियम से
(बी) क्लेवीसेप्स से
(सी) फाइटोमोनौस से
(डी) एलब्युगो से

**8.** औद्योगिक स्तर पर पेनिसिलिन प्राप्त किससे किया जाता है ?
(ए) पेनिसिलियम एक्सपेन्स्म से
(बी) पेनिसीलियम क्राईसोजेनम से
(सी) पेनीसीलीयम नोटेटम से
(डी) पेनीसीलियम क्लेवीफॉर्म से

**9.** यीस्ट में कायिक जनन होता है -
(ए) मुकुलन द्वारा
(बी) एकाईनिटस द्वारा
(सी) एप्लाजोस्पोर्स द्वारा
(डी) एस्कोस्पोर्स द्वारा

उत्तर 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(सी) 6.(सी) 7.(बी) 8.(बी) 9.(ए)

## खबर संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा आज झज्जर में

**झज्जर।** शनिवार सांय करीब छह बजे कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा स्थानीय रेवाड़ी रोड स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का निमंत्रण देने पहुंचेंगे। ब्राह्मण धर्मशाला के महासचिव पंडित संत सुरेहती ने बताया कि डॉ. अरविंद शर्मा 30 मई को रोहतक के गांव पहरावर में होने वाले राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का निमंत्रण देने के साथ-साथ पत्रकारों से भी रूबरू होंगे।

### सीएम से की निष्क्रिय अफसरों की शिकायत

**बहादुरगढ़।** पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने दिल्ली के हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री नायब सैनी से भेंट की। उन्होंने बताया कि सीएम जनसंवाद में आमजन की शिकायतों पर कुछ अधिकारियों द्वारा महज कागजी कार्रवाई की जा रही हे। उनके अनुसार कुछ अधिकारी जानबूझकर आमजन को परेशान करते हैं। साधारण कामों के लिए बार-बार चक्कर कटवाते हैं। उन्होंने ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई करने के साथ ही विकास कार्यों में तेजी लाने व अधूरे कामों को जल्द पूरा करवाने की मांग की।

### एमडीयू का दृश्य कला विभाग बना युवाओं की पहली पसंद

# 12वीं के बाद दृश्य कला में सुनहरे करियर की अपार संभावनाएं : डॉ. संजय कुमार

विवि का यह विभाग युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और कला के क्षेत्र में गुणवत्ता का पर्याय बन चुका है



रोहतक। दृश्य कला विभाग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अगर आप 12वीं कक्षा के बाद रचनात्मक क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं और चित्रकला में आपकी रुचि है, तो महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का दृश्य कला विभाग आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प बन सकता है। विश्वविद्यालय का यह विभाग युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और कला शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता का पर्याय बन चुका है। वर्ष 1991 में स्थापित दृश्य कला विभाग ने शिक्षा, शोध और रचनात्मकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। विभाग के छात्र-छात्राएं न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार के नेतृत्व में विभाग ने कलात्मक नवाचार और पारंपरिक तकनीकों के समन्वय को बढ़ावा दिया है।

**प्रमुख पाठ्यक्रम**

**स्नातक पाठ्यक्रम** : चार वर्षीय बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) – चित्रकला

**पात्रता और प्रवेश:** इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का 12वीं (किसी भी विषय में) में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। हरियाणा राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण और न्यूनतम अंक में छूट का प्रावधान है।

#### समग्र विकास पर केंद्रित पाठ्यक्रम

दृश्य कला विभाग का पाठ्यक्रम केवल तकनीकी शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के समग्र विकास को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। कार्यक्रम छात्रों में आवश्यक कला कौशल, रचनात्मकता, आलोचनात्मक दृष्टिकोण और सौंदर्यबोध के प्रति गहन रुचि को विकसित करता है। पाठ्यक्रम में भारतीय कला परंपराओं के साथ-साथ युरोपियन कला, मीडिया अध्ययन, सांस्कृतिक अध्ययन, योग्यता संवर्धन एवं कौशल विकास से संबंधित विषयों को विशेष रूप से शामिल किया गया है। विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार के नेतृत्व में विभाग ने कलात्मक नवाचार और पारंपरिक तकनीकों के समन्वय को बढ़ावा दिया है।

#### करियर की संभावनाएं



विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने बताया कि छात्र विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भाग लेकर सम्मान प्राप्त कर रहे हैं और कई पूर्व छात्र आज देश-विदेश के प्रमुख कला संस्थानों, गैलरियों और विश्वविद्यालयों में कार्यरत हैं। दृश्य कला विभाग ने शिक्षा, शोध और रचनात्मकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। विभाग के छात्र-छात्राएं न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। दृश्य कला विभाग ने कलात्मक नवाचार और पारंपरिक तकनीकों के समन्वय को बढ़ावा दिया है। अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर सरकारी, निजी, कॉर्पोरेट, बैंकिंग, मीडिया क्षेत्र में करियर के अपार अवसर हैं। इस बहुआयामी और समावेशी दृष्टिकोण का उद्देश्य छात्रों को एक सक्षम, विचारशील और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कलाकार बनाना है, जो न केवल कला में दक्ष हों, बल्कि समाज और संस्कृति को भी नई दृष्टि से देखने में समर्थ हों।

## न्यूज डायरी



### पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**रोहतक।** शीतल स्पोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। छात्रों ने रंगोली और ड्रॉइंग बनाकर शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल हुड्डा ने शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया और छात्रों को उनके बलिदान के बारे में बताया। छात्रों ने अपनी कला के माध्यम से शहीदों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की और उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। विद्यालय परिवार शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है और उनके बलिदान को हमेशा याद रखेगा।



### ब्रिटानिका डिजिटल लाइब्रेरी अधिवेशन का आयोजन

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में ब्रिटानिका डिजिटल लाइब्रेरी अधिवेशन का आयोजन मोनिका व पूजा की अध्यक्षता में करवाया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा तीसरी से आठवीं तक के सभी छात्र-छात्राओं में भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजकों ने बच्चों को इस डिजिटल लाइब्रेरी के बारे में बताते हुए कहा कि यह एक ऑनलाइन विश्वकोश है जो एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका द्वारा प्रकाशित किया गया है। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया ने कहा कि यह विश्वकोश एक व्यापक ज्ञान का स्रोत है जो छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं को विभिन्न विषयों की जानकारी प्रदान करता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप प्रधानाचार्य प्रीति ढांडा, सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी, समन्वयक प्रभा शर्मा, अनु सहरावत, रजनी गुलाटी आदि उपस्थित रहे।


रोहतक। कलाकारों के साथ मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ।

### रंगमंच सदैव समाज का दर्पण रहा है : पूर्व मंत्री

**रोहतक।** फिल्म और टेलीविज़न संकाय के अभिनय विभाग, डीएलसी स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसी सुपवा) द्वारा नाटककार सैमुअल बेकेट के नाटक वेटिंग फॉर गोडोट का दूसरा प्रदर्शन शुक्रवार को विश्वविद्यालय के मिनी ऑडिटोरियम में प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर हरियाणा सरकार के शहरी विकास और सहकारिता विभाग के पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने छात्रों के प्रभावशाली प्रदर्शन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। मनीष ग्रोवर ने कहा कि डीएलसी सुपवा के छात्रों ने जिस तरह की प्रतिभा और परिपक्वता दिखाई, वह अत्यंत प्रेरक है। उनका प्रदर्शन न केवल कलात्मक दृष्टि से समृद्ध था, बल्कि भावनात्मक रूप से भी गहराई लिए हुए था। ऐसे आयोजन एक चिंतनशील और अभिव्यक्तिपूर्ण युवा वर्ग के निर्माण में अत्यंत सहायक हैं। कुलपति प्रो. प्रकाश सिंह ने कहा कि रंगमंच सदैव समाज का दर्पण रहा है और विचारशीलता का मंच भी। यह प्रस्तुति इस बात का प्रमाण है कि रंगमंच कैसे विचारशील व्यक्तित्व के निर्माण में सहायक हो सकता है। कुलसचिव डॉ. गुंजन मलिक ने छात्रों को सीखने और रचनात्मकता के नए क्षितिजों को खोजने की प्रेरणा दी।

## एमबीबीएस परीक्षा घोटाले के आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए : डॉ. व्यास

- रोहतक हेल्थ विवि में एमबीबीएस छात्रों से जुड़ा है मामला



- यूडीएफ प्रदेशाध्यक्ष डॉ अमित व्यास ने सीएम नायब को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

यूडीएफ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ अमित व्यास ने हेल्थ विश्वविद्यालय रोहतक से संबद्ध एमबीबीएस पाठ्यक्रम में हाल ही में सामने आए परीक्षा घोटाले में कठोर कार्रवाई करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखा है। डॉ. व्यास ने बताया कि इस घोटाले ने न केवल चिकित्सा शिक्षा की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई है, बल्कि ईमानदारी से अध्ययन करने वाले हजारों छात्रों के भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। विश्वविद्यालय की परीक्षाओं को लेकर जिस प्रकार से गंभीर खुलासे हुए हैं, वे चिंताजनक हैं। उन्होंने सीएम से मांग की है कि परीक्षा घोटाले की उच्च स्तरीय, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच किसी बाहरी एजेंसी (जैसे सीबीआई या राज्य स्तर की स्वतंत्र जांच कमेटी) से करवाई जाए। जिन छात्रों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है, उनके खिलाफ तत्काल निष्कासन की प्रक्रिया शुरू की जाए। विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली की संपूर्ण समीक्षा कर इसे तकनीकी रूप से और अधिक सुरक्षित, पारदर्शी एवं धोखाधड़ी-रहित बनाया जाए।

## भारत विकास परिषद भगत सिंह शाखा ने दो दिवसीय नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। शिविर में विद्यार्थियों के दांतों की जांच करते डॉक्टर। *फोटो : हरिभूमि*

भारत विकास परिषद की भगत सिंह शाखा द्वारा वैश्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 900 विद्यार्थियों के दांतों की जांच की गई और उन्हें दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रांतीय संगठन सचिव नरेश जैन ने की। सभी अतिथियों और चिकित्सकों का पारंपरिक पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

नरेश जैन ने दांतों की सफाई को दैनिक दिनचर्या का अहम हिस्सा बताते हुए कहा कि जैसे रोज नहाना आवश्यक है, वैसे ही प्रतिदिन दांतों की सफाई भी जरूरी है, क्योंकि शरीर की अनेक बीमारियां दांतों के माध्यम से ही उत्पन्न होती हैं। सिविल सर्जन कार्यालय की दंत चिकित्सा टीम ने बच्चों के दांतों की न केवल जांच की, बल्कि उन्हें मौखिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी। जिन बच्चों के दांतों में किसी प्रकार की समस्या पाई गई, उनका विशेष चिकित्सा कार्ड भी बनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण बंसल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बच्चे अक्सर दांतों की देखभाल को नजरअंदाज कर देते हैं, ऐसे शिविर बच्चों में जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं और समय रहते उपचार की दिशा में कदम उठाए जा सकते हैं। उन्होंने भारत विकास परिषद और सिविल सर्जन कार्यालय की टीम का आभार व्यक्त किया। चिकित्सा टीम में डॉ. नवदीप, डॉ. मनीषा, डॉ. शिवानी और डॉ. प्रवेश रोहिल्ला शामिल रहे। इन्होंने बच्चों को दांतों की देखभाल के उपाय सिखाए और नियमित ब्रशिंग व साफ-सफाई के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर परिषद की ओर से जिला समन्वयक सुनील जैन, अध्यक्ष विकास कंसल, सचिव प्रवीण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष अनिल बंसल, आशीष मित्तल , ओम प्रकाश मित्तल, नीरज बंसल, राकेश जैन आदि रहे।

## जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में मनाया बच्चों का जन्मदिन, काटा केक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। बच्चों को जन्मदिन की बधाई देतीं शिक्षिकाएं। फोटो : हरिभूमि

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में नन्हे-मुन्नों का बर्थडे सेलिब्रेशन हुआ, जिसमें नर्सरी, केजी और यूकेजी के स्मार्ट किड्स ने शिरक्कत की। इस दौरान अप्रैल, मई माह के बर्थडे किड्स दृष्टि, सेहर, अक्षित, अनाया, असमित, प्रियांश, कीरत ने अध्यापिकाओं व अपने दोस्तों के साथ मिलकर केक कटिंग सेरेमनी का भरपूर मज़ा लिया। यह आयोजन बच्चों के लिए एक यादगार दिन साबित हुआ, जिसकी खुशी बच्चों के चेहरों पर साफ झलक रही थी। सुंदर रंग-बिरंगी बर्थडे कैप पहने बच्चे मस्ती में झूमते नज़र आए। अध्यापिकाओं के साथ डांस करते हुए बच्चों ने इस अवसर का पूरा लुफ्त उठाया। विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ ममता मलिक ने बच्चों को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और कहा कि जन्मदिन एक विशेष अवसर है जो हमें हर साल कुछ नया करना व आगे बढ़ना सीखाता है। यह वह समय होता है जब हम अपने परिवार, दोस्तों और शिक्षकों से ढेर सारी खुशियां बांटते हैं। उन्होंने बच्चों को इसी तरह हंसते-खेलते और जीवन में हर दिन कुछ नया सीखते रहने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्या मशेंका, सीमा दुआ, साक्षी आहूजा, कनिका चावला आदि उपस्थित रहे।



## छात्रा आशु ने जीता मिस फेयरवेल का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सनी गर्ल्स बीएड कॉलेज में प्रथम वर्ष की छात्राओं ने द्वितीय वर्ष की छात्राओं को विदाई पार्टी दी। मुख्य अतिथि सैनी एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने छात्राओं को जीवन में सफल होने की शुभकामनाएं दीं। छात्रा आशु ने मिस फेयरवेल का खिताब जीता। मिस टैलेंटेड अंशिका, मिस पर्सनालिटी नेहा व पूजा ने रही। मिस परफॉर्मर निधि तो मिस ब्यूटीफुल का खिताब नीतिका ने जीता। मंच संचालन सहायक प्रोफेसर रेखा रानी व मीनू ने किया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रिंसिपल अलका बत्रा, नमिता सैनी और डॉ शोभा सैनी ने निभाई। महासचिव डॉ. राजेश सैनी, डॉ सुमन, सोनिया सिंह, पूजा सैनी, सोनिया, कॉलेज के उप प्रधान सुरेंद्र सिंह सैनी, मैनेजर श्याम कटारिया, संस्था के उप प्रधान बुधराम सैनी आदि रहे।

## अनुशासन और सेवा की भावना विकसित करती है स्काउटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




गोहाना रोड स्थित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड, हरियाणा के राज्य प्रशिक्षक उमंग के मार्गदर्शन में दो दिवसीय प्रवेशिका शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउटिंग न केवल अनुशासन और सेवा की भावना विकसित करती है, बल्कि यह जीवन कौशल, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देती है। इस प्रकार के शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम की संयोजिका सीमा भूटानी ने बताया कि शिविर के दौरान छात्रों को स्काउटिंग का इतिहास, स्काउट/गाइड के नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, विभिन्न प्रकार की तालियों एवं मनोरंजक खेलों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्काउटिंग के मूलभूत सिद्धांतों और व्यवहारिक ज्ञान से अवगत कराना रहा। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एसके गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक, डॉ. दिनेश मदान ने शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

### रोहतक में एंडोवस्कुलर विभाग की सेवाएं उपलब्ध नहीं

## टांगों की नसें नीली हैं, मुड़ी हुई हैं या फूल रही हैं तो हल्के में न लें गम्भीर बीमारी का संकेत: डॉ तपीश

- भारत डायबिटीज का कैपिटल- धमनियों पर करता है मार , जानलेवा साबित होता है खून का थक्का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते डॉ तपीश साहू , डॉ हर्षित मल्होत्रा व डॉ पवन शर्मा । *फोटो : हरिभूमि*

देश की लगभग 25 फीसदी आबादी को वैरिकोज वेन्स , डीवीटी आदि धमनियों की समस्या चुपचाप हो रही है। लंबे समय तक खड़े रहने या बैठे रहने के बाद पैरों की नसें उभरी हुई दिखती हैं। लोग अक्सर इसे नजरंदाज कर देते हैं। लेकिन समय के साथ नसें मुड़ने लगती हैं, उनका रंग गहरा होने लगता है, और वो बाहर की ओर उभर आती हैं। वैस्कुलर एंड एंडोवास्कुलर सर्जरी, मणिपाल अस्पताल, द्वारका के एचओडी डॉ तपीश साहू , डॉ हर्षित मल्होत्रा व डॉ पवन शर्मा ने बताया कि वैरिकोज वेन्स होने का कारण पैरों की नसों में मौजूद वॉल्व द्वारा सामान्य रूप से काम करने की क्षमता खो देना होता है। रोहतक में एंडोवस्कुलर विभाग की सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए अब डॉ तपिश साहू रोहतक में महीने में दो शुक्रवार डॉ पवन शर्मा के अस्पताल में उपलब्ध रहेंगे और वैरिकोज वेन्स के मरीजों का उपचार करेंगे।

उन्होंने बताया कि इसकी वजह यह है कि खून वापस हदय की ओर जाने की बजाय एक हिस्से में एकत्रित होने लगता है, जिससे उस हिस्से में दबाव बढ़ जाता है और नसें मुड़कर फूल जाती हैं तथा त्वचा के ऊपर दिखाई देने लगती हैं। अगर वैरिकोज वेन्स का इलाज न कराया जाए, तो इससे ज्यादा बड़ी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए इसका समय पर उपचार जरूरी है।


महम। आर्य स्कूल मदीना में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

### आर्य स्कूल मदीना के विद्यार्थियों ने रंगोली प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**महम।** आर्य स्कूल मदीना में भारतीय सेना के पराक्रम को दर्शाती हुई रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने भारतीय सेना की वीरता, देशभक्ति और सेवा भावना को दर्शाने वाली रंगोली बनाई। इन रंगोलियों में भारतीय सेना की बहादुरी और देश के प्रति उनकी निष्ठा को उजागर किया गया था। स्कूल के प्रिंसिपल अशोक दांगी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता छात्रों को भारतीय सेना के महत्व और देश के प्रति उनकी जिम्मेदारी के बारे में जागरूक करने में मदद करती है। उन्होंने छात्रों की कलात्मक प्रतिभा की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के अंत में सर्वोत्तम छात्रों को प्रशस्ति पत्र और उचित पुरस्कारों से नवाजा गया।

Happy Birth Day

आदित्य
को जन्मदिन पर परिवार की तरफ से शुभकामनाएं


मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
❖ BAMS 6
❖ PRO 5
❖ RMO 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

# बिजली लाइनें मेंटिनेंस के दावे हवा-हवाई, आज लगेंगे 49 कॉलोनियों में कई घंटे के कट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गर्मी के मौसम में लोगों को बिजली कटों से निजात मिले। इसके लिए बिजली वितरण निगम ने गर्मी सीजन प्रारंभ होने से पहले बड़े पैमाने पर काम करवाना था। लेकिन निगम ऐसा शायद ही कर पाया हो। जिस तरह से गत वर्ष की गर्मियों में मेंटिनेंस के लिए कट लगाए जाते थे, ठीक उसी तरह इस समय भी कट लगाए जा रहे हैं।

विभाग के अधिकारी हर रोज शाम को शेड्यूल जारी कर रहे हैं कि कल बिजली लाइनों की मेंटिनेंस होगी और उस-उस कॉलोनी में बिजली के इस समय से उस समय तक कट रहेंगे। इसी कारण शनिवार को भी 49 कॉलोनियों में बिजली बाधित रहेगी।



### योजना तैयार की थी

यहां ये भी बता दें कि बिजली निगम के अधिकारियों ने गर्मियों में बिजली कट ना लगे इसके लिए गत दिसंबर में एक विशेष योजना तैयार की थी। इसके तहत बिजली निगम ने गर्मियों में बिजली के कटों से छुटकारा पाने के लिए फीडरों की संख्या बढ़ाई गई और साथ ही केबल और ट्रांसफार्मर भी बदले जा चुके हैं। जिसके लिए बिजली निगम द्वारा करोड़ों रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है।

### जनवरी में शुरू हुआ था कार्य

बताते चलें कि गत जनवरी माह से इस योजना के तहत कार्य शुरू किया जा चुका है। अधिकारियों ने ये दावा किया है कि कार्य शुरू किया जा चुका है, इसके बाद फाल्ट आने की अधिकतर समस्याएं खत्म हो गई हैं। वहीं अगर बिजली कटों की बात करें तो कई कॉलोनियों में अभी भी बिजली के लंबे लंबे कट लगते हैं।

### एसी तो लगवाते हैं लोड नहीं बढ़वाते

गर्मी में लोड बढ़ना शुरू हो जाता है, इसलिए बिजली के कट लग रहे हैं। लोग घरों में एसी तो लगवा लेते हैं लेकिन लोड नहीं बढ़वाते, जिस कारण ओवरलोड हो जाता है और बिजली बाधित होती है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बिजली उपकरण इस्तेमाल के साथ ही लोड भी बढ़वाएं।

*-बिजेंद्र नरवाल, एसई बिजली निगम*

**सुबह 7 से 10 बजे तक**
मॉडल टाउन
सुभाष नगर
गांधी नगर
सीआर रोड
दिल्ली रोड चाणक्य पूरी
भरत कॉलोनी
अर्जुन नगर
संजय कॉलोनी
दरियाओ नगर
महिला आश्रम रोड
आदर्श नगर नजदीक डी-पार्क

**सुबह 7 से 10:30 तक**
पॉवर हाउस से गद्दी खेड़ी रोड
बिट्टू प्लेटिंग वाली गली
कब्बड़ी एकेडमी वाली गली
रवींद्र डेयरी वाली गली
पीर वाली गली
सैनी मार्केट

**सुबह 8 से 10 बजे तक**
जाट शिक्षण संस्थान
अस्थल बोहर
मस्तनाथ नगर
गांव गढ़ी बोहर

**सुबह 10 से 12 बजे तक**
इंदर नगर
आनंद नगर
कच्चा सुनारिया रोड
शीतल नगर
सुनारिया वाटर वर्क्स
जेएलएन बूस्टर
आरटीओ ऑफिस
रुपया चौक
विजय नगर
न्यू विजय नगर
झज्जर चुंगी
जनता कॉलोनी
कमला नगर
शिवाजी कॉलोनी
काठ मंडी
राम नगर काठ मंडी
टेक नगर
तारा होटल वाली गली
कनेहली गांव
पहरावर गांव
मायना गांव
सुनारिया गांव

**सुबह 11 से 2 बजे तक**
बरसी नगर
सुंदूरपुर रोड
जेआर किसान कॉलेज के पास का एरिया
गैस गोदाम के पास

## खबर संक्षेप



### उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह का स्वागत किया

**रोहतक।** नव नियुक्त उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह का शुक्रवार को धानक जन कल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष संदीप खरकिया द्वारा उनके कार्यालय में गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। इस मौके पर संदीप खरकिया ने डीसी धर्मेंद्र सिंह के पिछले कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। संदीप खरकिया ने कहा कि धर्मेंद्र सिंह पहले नगर निगम के आयुक्त के पद पर कार्य कर चुके हैं और उस समय भी उन्होंने ईमानदारी व निष्ठा से आमजन की सेवा की। उस कार्यकाल में शहरवासियों ने उनकी प्रभावशाली कार्यशैली को सराहा था।

### कुश्ती अखाडा, जिला कुमार, दंगल 2-3 को

**रोहतक।** खेल विभाग द्वारा लड़के व लड़कियों की जिला स्तरीय कुश्ती अखाडा प्रतियोगिता, जिला कुमार, कुमारी एवं जिला केसरी दंगल का आयोजन अंडर-17, जूनियर अंडर-21 व सीनियर श्रेणी में 2 व 3 जून को स्थानीय सर छोटूराम स्टेडियम में करवाया जाएगा। दो जून को फ्री स्टाईल लडक़ों के सभी इवेंट की प्रतियोगिता होगी। खिलाडिय़ों के वजन 2 जून को सुबह 8 बजे से 9 बजे तक लिए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि 3 जून को ग्रीको रोमन लडक़ों व लड़कियों की प्रतियोगिता होगी, जिसके लिए खिलाडिय़ों के वजन 3 जून को सुबह 8 बजे से 9 बजे तक लिए जाएंगे।

### हैप्पीनेस विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**रोहतक।** मानसिक स्वास्थ्य, आत्म जागरूकता और सच्चे आनंद की प्राप्ति के लिए माइंडफुलनेस की तकनीकों से परिचित करने के उद्देश्य से मदवि के मनोविज्ञान विभाग और हैप्पीट्यूड प्रयोगशाला के संयुक्त तत्वावधान सीडीओई भवन में- माइंडफुलनेस फॉर ऑथेंटिक हैप्पीनेस विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रतिष्ठित शिक्षाविद और अनुभवी माइंडफुलनेस ट्रेनर अंग्रेजी विभाग, आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी की डॉ. अपर्णा बत्रा ने बतौर मुख्य वक्ता इस कार्यशाला में शिरकत की।

## शहर के शौचालय बने परेशानी का सबब, प्रशासन बेखबर

# शिवाजी कॉलोनी और तहसील कार्यालय परिसर में शौचालय बंद, नागरिकों को भारी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। तहसील कार्यालय और ट्रेजरी कार्यालय परिसर में बने शौचालय पिछले कई महीनों से बंद पड़े हैं। इन शौचालयों की बदहाली के चलते आम लोगों, विशेष रूप से महिलाओं और बुजुर्गों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्यादातर जगहों पर निगम के शौचालयों में शराबी नशा कर शराब की खाली बोतलें तक वहां पर फेंक रहे हैं। जिससे आमजन को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवी जसबीर कुमार व स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम को कई बार शिकायत देने के बावजूद कोई सुधार नहीं किया गया है। लोगों की सुनवाई न होने से उनमें नाराजगी है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति वार्ड नंबर 20, शिवाजी कॉलोनी स्थित शहीद महावीर पार्क के शौचालय की है। पार्क में बना यह सार्वजनिक शौचालय अब नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। वहां न तो साफ-सफाई है, न ही कोई निगरानी। बदबू और गंदगी के चलते वहां जाना मुश्किल हो गया है। जो प्रतिदिन इस पार्क में सैर के लिए आते हैं, उनमें से एक महिला ने उनसे कहा की बेटा शौचालय का बहुत बुरा हाल है, कुछ करवाओ। अंदर भयंकर बदबू है और कोई सफाई नहीं होती है।



**रोहतक।** तहसील कार्यालय के पास बंद शौचालय।



शहीद महावीर पार्क में टूटा शौचालय और शराब की बोतलें।



खजाना कार्यालय के बाहर बंद पड़ा शौचालय।

### इस तरह का कोई मामला संज्ञान में नहीं आया

इस तरह का कोई मामला संज्ञान में नहीं है। फिर भी इस तरह की कोई बात है तो उसके लिए जल्द पूछताछ कर इनको चालू करवाया जाएगा। अगर कहीं साफ सफाई नहीं हो रही है तो वहां पर सफाई का विशेष ध्यान दिया जाएगा। आमजन को सुविधाओं से वंचित नहीं होने दिया जाएगा।

*-नमिता कुमारी, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम*

### बाहर ही शौच कर रहे लोग

स्थानीय लोगों का कहना है कि शौचालय बंद होने के कारण कई लोग मजबूरी में बाहर ही शौच करने पर मजबूर है। जिससे पार्क और आस-पास की सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। पार्क में रोजाना सैकड़ों लोग सुबह-शाम सैर करने के लिए आते है। जिनमें ज्यादातर महिलाएं भी सैर के लिए आती है लेकिन शौचालयों की हालात खराब रहने के कारण बदबू से परेशान कुछ लोगों ने सैर पर आना तक छोड़ दिया है।

### शहीद महावीर पार्क के शौचालय की नहीं हो रही साफ सफाई, आसपास फैल रही बदबू

शौचालय के निर्माण के कुछ दिन बाद तक तो इसकी साफ सफाई व अन्य व्यवस्थाओं पर पूरा ध्यान दिया गया। लेकिन कुछ दिन के बाद यहां के हालात बिगड़ने लगे। साफ सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। पानी की टंकी में पानी तक नहीं भरा जाता था। जिसके कारण कुछ लोग पानी न होने के बाद भी उसमें शौच के लिए चले जाते है। इसी वजह से वहां बदबू फैलने लगती है।

### लोगों की प्रशासन से जल्द समाधान की अपील

नागरिकों ने नगर निगम प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द इस गंभीर समस्या का समाधान किया जाए, ताकि नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशानी न उठानी पड़े। इसके चलते यहां बाहर के लोग भी आते है, और शराब पीकर खाली बोतलें तक यहां फेंक देते है। इससे अक्सर लोग चोटिल हो जाते हैं।



**रोहतक।** भाजपा कार्यालय मंगल कमल में संगोष्ठी में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का स्वागत करते नगर निगम के मेयर रामावतार वाल्मीकि,पूर्व चेयरमैन प्रतिभा सुमन, जिला महामंत्री आशा शर्मा व अन्य कार्यकर्ता।

## सामाजिक समरसता का प्रतीक अहिल्याबाई होलकर : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यालय मंगल कमल में संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए अहिल्याबाई होलकर को महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर ने महिष्मति में साड़ी उद्योग को बढ़ावा देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का कार्य किया। महिपाल ढांडा ने कहा कि देवी अहिल्याबाई एक कुशल प्रशासक एवं महान योद्धा के साथ-साथ सामाजिक न्याय, महिला उत्थान, शोषित एवं वंचितो की मसीहा थी। रानी अहिल्याबाई शिक्षा के प्रचार प्रसार के साथ-साथ देश में धर्म स्थलों के पुर्नोद्धार के लिए भी जानी जाती है। रानी अहिल्याबाई के विचार आज भी प्रासंगिक है। उनके द्वारा महाराष्ट्र में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में किए गए सामाजिक न्याय के कारण ही उनको देश की 'लोकमाता' एवं 'देवी अहिल्याबाई' के नाम से जाना जाता है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि रानी अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गांव में हुआ था। मालवा साम्राज्य की महारानी के रूप में उन्होंने काशी विश्वनाथ और सोमनाथ जैसे मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रोहतक नगर निगम के मेयर रामावतार वाल्मीकि,जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका,केशकला बोर्ड के चेयरमैन यशपाल ठाकुर,प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, प्रदेश सचिव रेनू डावला, पूर्व चेयरमैन प्रतिभा सुमन,भाजपा नेता रमेश बोहर,कार्यक्रम के संयोजक सतबीर सैनी,पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सतीश चौधरी, जिला महामंत्री आशा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थाओं के प्रशासक एचसीएस आशीष ने संभाला कार्यभार



कार्यभार संभालते समय गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ जयपाल शर्मा समेत अन्य कॉलेज के प्राचार्य मौजूद रहे।

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थान में शुक्रवार को नवनियुक्त प्रशासक एचसीइस आशीष कुमार ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य व संस्थाओ के पदेन सचिव डॉ. जयपाल शर्मा ने बताया कि आशीष कुमार गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थाओं के 12वें प्रशासक होंगे। प्रशासक आशीष कुमार वर्तमान में इसराना में उपमंडल अधिकारी के पद पर तैनात है। कार्यभार संभालते समय गौड़ ब्राह्मण संस्थाओ के अधीन सभी कॉलेज के प्राचार्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रशासक आशीष कुमार ने कहा कि वो ईमानदारी, निष्ठा के साथ संस्थान की भलाई के लिए काम करेंगे। आशीष कुमार ने कहा कि लोगों के सुझाव और सहमति से संस्था के चहुंमुखी विकास के कार्य किए जाएंगे। प्रशासक ने बताया कि 30 मई को प्रदेश स्तर पर भगवान परशुराम जयंती का आयोजन किया जा रहा है जोकि पहरावर स्थित गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थाओ के नए कैंपस पर आयोजित की जा रही है। इस मौके पर गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज प्राचार्य डॉ जयपाल शर्मा, डॉ. वारिज पाण्डेय, डॉ. महाश्वेता शर्मा, डॉ. दीप्ती अत्री व डॉ. अनिता गौड़ आदि मौजूद रहे।

## एचडी स्कूल खेड़ी महम में एनसीसी कैडेट्स का चयन

**महम।** एचडी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल खेडी महम में शैक्षणिक सत्र 2025 के लिए एनसीसी कैडेट्स की भर्ती का कार्य फर्स्ट हरियाणा एनसीसी बटालियन रोहतक के कमान अधिकारी कर्नल कृष्ण सिंह बधवार सेना मैडल और प्रशासनिक अधिकारी कर्नल मनबीर सिंह धनखड़ के निर्देशन में हुआ। विद्यालय के प्रांगण में चयन कार्य, एनसीसी ऑफिसर संजीता व बटालियन से उपस्थित सुबेदार कैलाश ,हवलदार प्रदीप की देखरेख में पूर्ण किया। विद्यालय प्रबंधक कुलवंत नहरा ने कैडेट्स को एनसीसी में बतौर कैडेट्स चयनित होने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनसीसी राष्ट्र का आर्मी के बाद सबसे बड़ा वर्दीधारी संगठन है जो छात्रों को सेना की गतिविधियों के अनुरूप तैयार कर कर्तव्य परायणता में तत्परता के साथ आगे बढ़ने के लिए संगठित करता है। 45 बच्चों का शारीरिक मानसिक टेस्ट हुआ जिसमें 25 कैडेट्स का चयन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या शालिनी गुप्ता , स्कूल सचिव संजीव छिल्लर व उपप्राचार्या इंदु नहरा उपस्थित रहे।



**महम।** एनसीसी कैडेट्स की चयन प्रक्रिया में भाग लेते एचडी स्कूल खेड़ी महम के विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*



**महम।** साउथ एशियन खेलों में पदक जीतकर लौटी छात्राओं का स्वागत करते शिक्षक।

### साऊथ एशियन मर्दानी खेल चैंपियनशिप में मोखरा कन्या स्कूल की दो छात्राओं ने जीते गोल्ड मेडल

**महम।** शहीद नायक सुरेश कुमार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोखरा की खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया है। 17 से 19 मई तक इंडो भूटान बोर्डर पर स्थित जय गांव में द्वीतीय साऊथ एशियन मर्दानी खेल चैंपियनशिप आयोजित की गई। इन दक्षिण एशियन खेलों में मोखरा गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की दो छात्राओं रिया पुत्री नरेंद्र और नैंसी पुत्री नीटू ने दो स्वर्ण पदक और दो कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। दोनों ही खिलाड़ियों का विद्यालय में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। महम की खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल ने विजेता खिलाड़ियों को पदक जीतने पर बधाई दी है। साथ ही कार्यकारी प्रिंसिपल बबीता देवी शर्मा, शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता अंजू बाला और समस्त विद्यालय स्टॉफ एवं सम्मानित ग्राम वासियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनसीसी कैडेट्स का हुआ चयन



**रोहतक।** एनसीसी कैडेट्स के साथ कमान अधिकारी कर्नल कृष्ण कुमार बुधवार और प्रशासनिक अधिकारी कर्नल मनवीर सिंह धनखड़ व प्राचार्या वीरेंद्र तोमर।

**रोहतक।** जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनसीसी कैडेट्स (2025-26) भर्ती फस्र्ट हरियाणा एनसीसी बटालियन रोहतक के कमान अधिकारी कर्नल कृष्ण कुमार बुधवार और प्रशासनिक अधिकारी कर्नल मनवीर सिंह धनखड़ के निर्देशन में हुई। एनसीसी अफसर सूबेदार रामनिवास, हवलदार अग्नेश, की देखरेख में हुआ। कैडेट को संबोधित करते हुए प्राचार्या वीरेंद्र तोमर, एनसीसी ऑफिसर रेखा दलाल (एनओ) ने कैडेट को एनसीसी में चयन होने पर शुभकमनाएं दी। सूबेदार रामनिवास ने बताया कि एनसीसी मे प्रथम वर्ष (2025-26) के लिए 33 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें से 25 विद्यार्थियों का चयन किया गया । इस मौके पर अमरजीत नांदल, विनोद राठी, व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## जिंदराण गांव का लिंगानुपात एक हजार दर्ज किया जाना गर्व की बात : उपायुक्त धर्मेंद्र

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने जिंदराण गांव की ग्राम पंचायत को एक हजार लिंगानुपात दर्ज होने पर बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण बेटा व बेटी को एक समान समझे। धर्मेंद्र सिंह जिला के रोहतक खंड के गांव जिंदराण स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों की शिकायतें सुनने के उपरांत उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उपायुक्त ने विद्यालय परिसर में स्थित शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, पौधरोपण किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने जिला रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से आयोजित किए गए नेत्र जांच शिविर में लाभार्थियों को चश्मे वितरित किए। उन्होंने गांव का लिंगानुपात एक हजार होने पर ग्राम पंचायत व सरपंच को बधाई दी। उपायुक्त ने ग्रामीणों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए रात्रि ठहराव कार्यक्रम में उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन शिकायतों के निपटारे बारे निर्देश दिए। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता गगन पांडे ने सरचार्ज माफी योजना का लाभ उठाने के लिए ग्रामीणों का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी बुधवार को निगम द्वारा शिविर लगाकर लोगों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने पीएम सूर्य घर मुफ्त योजना का भी लाभ उठाने को कहा। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह ने विभाग की ओर से वितरित किए जा रहे राशन के बारे में जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने भी विभाग की योजनाओं की जानकारी दी।



### ग्राम पंचायत ने किया स्वागत

ग्राम पंचायत की सरपंच प्रमिला ने उपायुक्त व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का स्वागत करते हुए विकास कार्यों से संबंधित मांगों की जानकारी दी। ग्राम पंचायत की ओर से सरपंच प्रतिनिधि अशोक हुड्डा ने उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक व डीएसपी गुलाब सिंह को मान-सम्मान का प्रतीक पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। शिक्षा विभाग की ओर से जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, जिला परियोजना समन्वयक बिजेंद्र हुड्डा व खंड शिक्षा अधिकारी सुंदर लाल ने उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह तथा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक को शॉल भेंट किया।

**कार्रवाई** — उपायुक्त ने लंबित शिकायतों की समीक्षा बैठक में दिए कड़े निर्देश

# समाधान शिविर की शिकायतों पर कोताही बरतने वाले अधिकारी होंगे चार्जशीट

- प्रत्येक दिन अधिकारी इन पोर्टल की शिकायतों को चेक करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सख्त दिए कि वे एक सप्ताह में लंबित शिकायतों का निपटारा सुनिश्चित करें। कोताही बरतने वाले अधिकारियों को चार्जशीट किया जाएगा।

धर्मेंद्र सिंह स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा हर शुक्रवार को सुबह 11 बजे समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की जाती है।



**रोहतक।** समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

### सभी शिकायत गंभीरता से लें

डीसी सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों की शिकायतों को गंभीरता से लें तथा यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री सैनी के निर्देशानुसार हर सप्ताह के प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालय पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है ताकि सभी नागरिकों की हर शिकायत का समाधान हो सकें। शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने एसएमजीटी पोर्टल की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस पोर्टल सहित सीएम विंडो, जनसंवाद, समाधान शिविर की शिकायतों को व्यक्तिगत रूप से देखें तथा प्राथमिकता के आधार पर लंबित शिकायतों का निपटारा करवाएं। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष समाधान शिविर के समय अपने कार्यालय में किसी प्रकार की बैठक न रखें। रि-ओपन हुई शिकायतों का ध्यान से निपटारा करें तथा शिकायतों के निपटारे में जल्दबाजी न करें। अधिकारी सही तरीके से शिकायतों का निपटारा करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन अधिकारी इन पोर्टल की शिकायतों को चेक करें।

### यह रहे मौजूद

नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता रामेंद्र मलिक, कृषि उपनिदेशक डॉ. सुरेंद्र सिंह, जिला सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गोरिका सुहाग, जिला कल्याण अधिकारी रेनू सिसोदिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, भूजल वैज्ञानिक दलबीर राणा, स्वास्थ्य विभाग के जिला परिवार कल्याण अधिकारी सुरेश भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शिविर में मौजूद रहे।

### एडीसी नरेंद्र सिंह बोले

#### परिवहन विभाग व रेलवे अधिकारी भी बस अड्डे व स्टेशन पर जरूरी प्रबंध करें

एडीसी नरेंद्र सिंह ने अत्यधिक गर्मी के दृष्टिगत संबंधित विभागों के अधिकारियों को जनहित में आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कहा कि वे उप स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सभी आवश्यक प्रबंध करें। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे सभी प्रतिष्ठानों व निर्माण स्थलों इत्यादि पर मजदूरों के लिए पेयजल व छाया के प्रबंध करवाएं। उन्होंने परिवहन विभाग तथा रेलवे के अधिकारियों से भी बस अड्डे व रेलवे स्टेशन पर आवश्यक प्रबंध करने को कहा। उन्होंने कहा कि गैर सरकारी संगठनों को भी प्याऊ इत्यादि लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा वाटर टैंकों की सफाई करवाई जाए।